दिन– मंगलवार | दिनांक– 02 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का शुभारंभ करेंगे।

02. मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं को पहले जीविका समूहों से जुड़ना होगा।

03. प्रदेश में जारी एसआईआर की प्रारूप मतदाता सूची पर दावा और आपत्ति दर्ज कराने की समय सीमा समाप्त। निर्वाचन आयोग ने कहा– आगे भी स्वीकार किये जायेंगे दावा–आपत्ति।

04. और, राजगीर में खेली जा रही एशिया कप पुरूष हॉकी चैंपियनशिप में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी। अंतिम लीग मैच में भारत ने कजाख्स्तान को पन्द्रह–शून्य से हराया।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का शुभारंभ करेंगे। इस पहल से ग्रामीण महिलाओं में उद्यमिता विकास को बल मिलने और समुदाय–आधारित उद्यमों के विकास में तेज़ी आने की संभावना है। प्रधानमंत्री इस अवसर पर संस्था के बैंक खाते में एक सौ पांच करोड़ रुपये की राशि भी हस्तांतरित करेंगे। पूरी तरह से डिजिटल माध्यम से संचालित इस प्रणाली से जीविका दीदियों के बैंक खातों में सीधे, तेज़ और अधिक पारदर्शी तरीके से धनराशि का हस्तांतरण सुनिश्चित होगा। इसे सुगम बनाने के लिए, बारह हज़ार सामुदायिक कार्यकर्ताओं को टैबलेट प्रदान किए जा रहे है। पूरे बिहार से लगभग बीस लाख महिलाएं इस कार्यक्रम में भाग लेंगी। इस मौके पर पटना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार मौजूद रहेंगे।

---

मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं को पहले जीविका समूहों से जुड़ना होगा। इस संबंध में जीविका की ओर से मार्गदर्शिका जारी की गयी है। इसके अनुसार योजना का लाभ लेने के लिए ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं ऑफलाईन आवेदन करेंगी जबकि शहरी क्षेत्र की महिलाओं को ऑनलाईन आवेदन करना होगा। जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा ने बताया कि योजना के तहत उन्हीं महिलाओं को लाभ दिया जायेगा, जो खुद या उनके पति

आयकरदाता नहीं है। गौरतलब है कि हाल ही में राज्य मंत्रिमंडल ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत प्रत्येक परिवार की एक महिला को स्वरोजगार के लिए प्रारंभ में दस हजार रूपये दिये जाने का प्रस्ताव है। इसका भुगतान इसी महिने किया जायेगा। बाद में रोजगार के स्वरूप के अनुसार यह राशि दो लाख रूपये तक बढ़ाई जा सकती है।

---

निर्वाचन आयोग की ओर से प्रकाशित एसआईआर की प्रारूप मतदाता सूची पर दावा और आपत्ति दर्ज कराने की समय सीमा कल समाप्त हो गई। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन तीस सितम्बर को किया जायेगा। इस बीच, निर्वाचन आयोग ने बताया कि **दो लाख तिरेपन हजार पांच सौ चौबीस** मतदाताओं ने प्रारूप सूची पर दावा—आपत्ति दर्ज करवाई है। इनमें, **दो लाख सत्रह हजार उनचास** लोगों ने अपने नाम प्रारूप सूची से हटाने के लिए आवेदन किये हैं, जबकि **छत्तीस हजार चार सौ पचहत्तर** मतदाताओं ने अपने नाम शामिल किये जाने को लेकर दावा पेश किया है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए **सोलह लाख छप्पन हजार आठ सौ छियासी** नये आवेदन भी प्राप्त हुये हैं।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने एसआईआर के दौरान प्रारूप मतदाता सूची में बाहर रह गये लोगों की आपत्तियां और दावे करने की समय सीमा बढ़ाने की मांग पर कोई निर्देश नहीं दिया। इस संबंध में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुये न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष को निर्देश दिया है कि एसआईआर के अंतर्गत तैयार की जा रही मतदाता सूची में ऑनलाइन दावे, आपत्तियाँ और सुधार प्रस्तुत करने में मतदाताओं और राजनीतिक दलों की सहायता के लिए अर्ध—विधिक स्वयंसेवकों की नियुक्ति की जाए। इधर, निर्वाचन आयोग ने कहा है कि एसआईआर की मसौदा मतदाता सूची पर दावे, आपत्तियाँ और सुधार एक सितम्बर को अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद भी दायर किए जा सकते हैं, लेकिन मतदाता सूची के अंतिम रूप देने के बाद ही उन पर विचार किया जाएगा।

---

विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर में कथित गड़बड़ी के खिलाफ महागठबंधन के घटक दलों की ओर से आयोजित वोटर अधिकार यात्रा कल पटना में समाप्त हो गयी। समापन मौके पर महागठबंधन की ओर से वोटर अधिकार मार्च का आयोजन किया गया। इसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत

सोरेन, विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी और भाकपा माले के दीपंकर भट्टाचार्य समेत विभिन्न घटक दलों के नेता शामिल हुए। मार्च के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुये कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने चुनाव आयोग और केन्द्र सरकार पर संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों की अवहेलना का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बिहार में एसआईआर के नाम पर गरीबों और वंचितों से मत देने का अधिकार छिना जा रहा है।

---बाइट---

इधर, भाजपा ने निर्वाचन आयोग पर बेबुनियाद आरोप लगाने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना की है। नई दिल्ली में पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने श्री गांधी पर वोट चोरी के मामले में हलफनामा देने पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि श्री गांधी संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करते हैं और बेबुनियाद आरोप लगाना उनकी आदत है।

---बाइट---

राहुल गांधी जवाब दें, 21 लाख लोग मृत पाए गए। तो क्या उनका नाम वोटर लिस्ट रहना चाहिए कि नहीं रहना चाहिए 7 लाख लोग का नाम दो जगह वोटर लिस्ट में पाया गया, क्या उनको रखना चाहिए क्या ? 35 लाख लोग अपनी जगह पर नहीं रहते पाएंगे गए। मैं लोकसभा का मेम्बर हूं, तो क्या मैं दिल्ली का वोटर नहीं हूं, तो क्या मैं पटना का वोटर हूं, तो क्या आपको एक ही जगह का वोटर रहना पड़ेगा। राहुल गांधी समय के अनुसार कभी वायनाड चले जाते हैं, कभी रायबरेली कभी अमेठी छोड़ दीजिए उनकी बात मेरा सवाल यह है कि अगर चुनाव आयोग ने कहा कि आपकी जो आपत्ति है तो आप एफिडेविट पर दिजिए तो एफिडेविट से क्यो भागते हैं राहुल गांधी।

---

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शिक्षा प्रणाली में डिजिटलीकरण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के एकीकरण की आवश्यकता पर बल दिया है। नई दिल्ली में श्री प्रधान ने पीएम ई—विद्या मोबाइल एप्लिकेशन, दीक्षा के दूसरे चरण सहित कई पहलों की शुरुआत की। इस दौरान श्री प्रधान ने कहा कि दीक्षा डिजिटल प्लेटफॉर्म बारह भारतीय भाषाओं में अनुवाद करने की सुविधा प्रदान करता है।

---बाईट---

भारत की पूंजी है, भारत की विभिन्न भाषा, पढ़ाई मातृभाषा में हो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रमुख परामर्श है, रिकमेंडेशन है, एनसीईआरटी उसी को ध्यान में रखते हुए बहुभाषी पढ़ाई को महत्व देना इस काम पर लगी है, तो एनसीईआरटी बहुत अच्छा काम कर रहा है, एनसीआरटी से समाज की बहुत बड़ा अपेक्षा है, और मेरा पूरा विश्वास एनसीआरटी आने वाले दिनों में उसको और पूरा करेंगा।

---

मौसम विभाग ने कहा है कि सितम्बर महीने में राज्य के अधिकांश हिस्सों में सामान्य बारिश होने की संभावना है। इस अवधि में राज्य में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। विभाग ने कहा है कि अगस्त महीने के दौरान राज्य

में सामान्य से नौ प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई। इधर, विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्वी, पश्चिमी और मध्य भाग में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है।

–––बाइट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान नालंदा के सिलाव में बासठ दशमलव चार मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

---

राजगीर में खेली जा रही एशिया कप हॉकी पुरूष चैंपियनशिप में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी है। पूल ए के अंतिम लीग मैच में भारत ने कजाख्स्तिान को पन्द्रह–शून्य से हरा दिया। भारतीय टीम पहले ही सेमीफाईनल में पहुंच चुकी है। भारत की ओर से अभिषेक ने चार, जुगरात सिंह और सुखजीत सिंह ने तीन–तीन गोल किये। सुखजीत सिंह को मेन ऑफ द मैच चुना गया। इससे पूर्व भारतीय टीम ने चीन और जापान को भी हराया। एशिया कप चैंपियनशिप में कल पहला मुकाबला जापान और चीनी ताईपे के बीच खेला जायेगा, जबकि दूसरे मुकाबले में मलेशिया और चीन की भिड़ंत होगी।

---

एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस – यूपीआई ने इस वर्ष अगस्त में पहली बार बीस अरब से अधिक लेनदेन का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह पिछले वर्ष अगस्त में चौदह अरब नब्बे करोड़ से चौंतीस प्रतिशत अधिक है। इस दौरान चौबीस लाख पचासी हजार करोड़ रुपये का आदान–प्रदान किया गया। इसमें चौबीस प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई।

---

भारतीय रेलवे और भारतीय स्टेट बैंक ने रेलवे कर्मचारियों को बेहतर बीमा लाभ प्रदान करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और एसबीआई के चेयरमैन सी.एस. शेट्टी की उपस्थिति में किया गया। इस समझौते के अन्तर्गत, एसबीआई में वेतन खाता रखने वाले रेलवे कर्मचारियों के लिए बीमा कवरेज को पहले की तुलना में बढाया गया है। इसके अलावा, वे सभी रेलवे कर्मचारी जिनका एसबीआई में केवल वेतन खाता है, अब उन्हें बिना कोई प्रीमियम चुकाए दस लाख रुपये की स्वभाविक मृत्यु बीमा कवरेज भी प्रदान की जाएगी।

---

केन्द्र सरकार ने उद्योग जगत के हितधारकों से भारी प्रतिक्रिया मिलने के बाद, वस्त्र उद्योग के लिए उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन–पीएलआई योजना के लिए आवेदन

की समय–सीमा बढ़ा दी है। वस्त्र मंत्रालय ने बताया कि अब इस योजना के लिए आवेदन की तिथि तीस सितंबर तक खुली रहेगी।

---

खगड़िया की विशेष उत्पाद अदालत ने शराब कारोबार करने के आरोप में एक व्यक्ति को दस वर्ष साधारण कारावास और पांच लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

---

अररिया जिले की साईबर थाना पुलिस ने दो साईबर ठगों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थाने में मामला दर्ज किया गया है।

---

कटिहार जिला के कुर्सेला थाना क्षेत्र अन्तर्गत पुलिस ने कुर्सेला चेक पोस्ट के पास से पुलिस ने एक पिकअप वैन और एक ट्रक से तेरह मवेशी को जब्त किया है। इस मामले में छह पशु तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

---

बिहार लोक सेवा आयोग ने इकहतरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। यह परीक्षा तेरह सितम्बर को दोपहर बारह बजे से. दो बजे तक आयोजित की जायेगी। आयोग के अनुसार एक हजार दो सौ अंठानवे पद के लिए चार लाख सत्तर हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा के लिए सभी जिलों में केन्द्र बनाये गये हैं।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान का शीर्षक लगाया है– देश में बड़ी वोट चोरी का जल्द खुलासा करेंगे।

दैनिक जागरण ने एससीओ की बैठक में भारतीय पक्ष को प्रमुखता देते हुये लिखा है– आतंकवाद पर दोहरा मापदंड स्वीकार नही।

दैनिक भास्कर ने प्रधान शिक्षक बाहली पर लिखा है– पैंतीस हजार प्रधान शिक्षक मिले फिर भी पद खाली, अकेले पटना में ही ऐसे तीन सौ बयासी स्कूल।

प्रभात खबर की सुर्खी है– ड्राफ्ट सूची से हटे छत्तीस हजार चार सौ पचहत्तर मतदाताओं ने दर्ज की आपत्ति।

राष्ट्रीय सहारा लिखता है– अफगानिस्तान में भूकंप, आठ सौ लोगों की गयी जान।

आज अखबार की सुर्खी है– टीचर बनना है तो अब टीईटी पास करना होगा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का शुभारंभ करेंगे।

02. मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं को पहले जीविका समूहों से जुड़ना होगा।

03. प्रदेश में जारी एसआईआर की प्रारूप मतदाता सूची पर दावा और आपत्ति दर्ज कराने की समय सीमा समाप्त। निर्वाचन आयोग ने कहा– आगे भी स्वीकार किये जायेंगे दावा–आपत्ति।

04. और, राजगीर में खेली जा रही एशिया कप पुरूष हॉकी चैंपियनशिप में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी। अंतिम लीग मैच में भारत ने कजाख्स्तान को पन्द्रह–शून्य से हराया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।